# ईको-पर्यटन से स्थानीय युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार सायं वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ईको-टूरिज्म गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान कर राज्य की आय बढ़ाने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 72 वन विश्राम गृहों और 22 ईको पार्कों में ईको पर्यटन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने 93 प्रस्तावित स्थलों पर इको-टूरिज्म गतिविधियों के संचालन के लिए वृहद योजना मास्टर प्लान में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म सतत पर्यटन का एक बेहतर उदाहरण है। इसके माध्यम से आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हुए प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि इको-टूरिज्म को



बढ़ावा देकर, राज्य अपनी समृद्ध जैव विविधता, प्राकृतिक सुन्दरता और सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर पर्यटन की दृष्टि से इसका लाभ उठा सकते हैं। पर्यटन के नए अनुभव प्राप्त करने वाले पर्यटकों के लिए यह वरदान साबित हो सकता है इससे राजस्व में वृद्धि होने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं और इससे राज्य को काफी फायदा हो सकता है। वन विभाग को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म की संभावनाओं के दृष्टिगत एक वृहद योजना तैयार की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेशभर में ईको-टूरिज्म गतिविधियों के लिए प्रस्तावित स्थलों को विस्तार प्रदान करना है। इस योजना में संभावित रूप से बुनियादी ढांचा विकसित करना, आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्राकृतिक स्थलों को संरक्षित करना और स्थानीय समुदायों की सहभागिता को सुनिश्चित करना है।

## मुख्यमंत्री ने सूखे पेड़ों के चिन्हांकन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया शीघ्र तैयार करने पर बल दिया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर सांय वन विभाग एवं हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य के लिए राजस्व अर्जित करने के दृष्टिगत वन भूमि से सूखे पेड़ों का समयबद्ध कटान आवश्यक है क्योंकि कुछ समय के उपरान्त यह नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को पेड़ों के प्रभावी चिन्हांकन, निष्कर्षण और निपटारा सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इमारती लकड़ी की ऑनलाइन बिक्री के लिए एक वेबसाइट विकसित करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में, राज्य में वन भूमि पर लगभग 86,874 सूखे एवं क्षतिग्रस्त



पेड़ हैं, जिनसे लगभग 64,000 क्यूबिक मीटर इमारती लकड़ी का उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने वन भूमि पर इन पेड़ों के समय पर निष्कर्षण और निपटारे की सुविधा के लिए मासिक आधार पर चिन्हांकन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में व्यवस्थित प्रयासों से इमारती लकड़ी को प्रदेश के राजस्व का एक मूल्यवान स्रोत बनाने की दिशा में यह कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि समय पर सूखे पेड़ों की निकासी नहीं होने से प्रदेश को राजस्व की हानि होती है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सूखे पेड़ों की समय पर निकासी के लिए वन विभाग और हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम को आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को राज्य के निचले हिस्सों के कुछ वन क्षेत्रों में पायलट आधार पर शीघ्र निपटारे के लिए पेड़ों को चिह्नित करने, गिराने और 50 पेड़ों की सीमा के साथ लॉग में परिवर्तित करने का अधिकार देने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम में कर्मचारियों के युक्तिकरण की आवश्यकता पर भी बल देते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उचित उपायों को लागू करके कर्मचारियों की कमी के मुद्दे का समाधान करेगी।

प्रधान सलाहकार सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार गोकुल बुटेल, विधायक देवेंद्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा, आशीष शर्मा, हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, सहित आदि उपस्थित थे।

# हमीरपुर में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

भाजपा हिमाचल प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक सर्किट हाउस हमीरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, सतपाल सत्ती,सहित आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने महिला को गांजे सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने गांजा सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान तनुजा पत्नी रमेश निवासी मतरालियों बंगाला बस्ती तहसील पावंटा साहिब के रूप में हुई है।

पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम डैन्टल कॉलेज मतरालियो में गश्त पर मौजूद थी।

इस दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तनुजा अपने रिहायशी मकान में नशे का कारोबार करती है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी तो तनुजा के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान मौके से टीवी ट्राली में लगे ड्राज के अन्दर से प्लास्टिक का बैग बरामद हुआ। जब पुलिस टीम द्वारा इसे खोल कर देखा गया तो अंदर से गांजे की पुडि?ा बरामद हुई जोकि 113 ग्राम पाई गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला को गांजे सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने गांजा सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है।

आरोपी महिला की पहचान तनुजा पत्नी रमेश निवासी मतरालियों बंगाला बस्ती तहसील पावंटा साहिब के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम डैन्टल कॉलेज मतरालियो में गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तनुजा अपने रिहायशी मकान में नशे का कारोबार करती है। सूचना



मिलने के बाद पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी तो तनुजा के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान मौके से टीवी ट्राली में लगे ड्राज के अन्दर से प्लास्टिक का बैग बरामद हुआ। जब पुलिस टीम द्वारा इसे खोल कर देखा गया तो अंदर से गांजे की पुडि?ा बरामद हुई जोकि 113 ग्राम पाई गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

# शहीद वीरेंद्र की याद में कोलर निवासियों ने लगाई छबील



**▶▶ लोगों के द्वारा जगह-जगह आने.जाने वालों की प्यास बुझाने के लिए छबीले भी सजाई गई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पिछले 2 दिनों से शरीर को झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी के चलते आम आदमी के साथ-साथ राहगीर भी परेशान है। ऐसे में लोगों के द्वारा जगह-जगह आने.जाने वालों की प्यास बुझाने के लिए छबीले भी सजाई गई है। कोलर गांव से गुजरने वाले एनएच-07 पर शहीद वीरेंद्र सिंह के परिवार व गांव वासियों के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। यह छबील शहीद वीरेंद्र सिंह को याद करते हुए लगाई गई। शरबत की छबील में शहीद के पिता बाबूराम वीरांगना गीता देवी और उनके वीर पुत्र गौरव और जतिन मुख्य रूप से शामिल रहे। लगाई गई मीठे शरबत की इस छबील में सैकड़ों की तादाद में आने-जाने वाले राहगीरों ने गर्मी में काफी राहत भी महसूस करी।

शहीद के परिजनों ने आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उन्हें न केवल शरबत पिलाया बल्कि कुछ देर बैठ कर विश्राम करने का भी आह्वान किया।

आयोजित शरबत वितरण में गांव के युवा लोकेश विनोद गौरव यशवंत सहित दर्जनों युवा शामिल रहे।

# अभिभावक एवं शिक्षक भी बच्चों की हरकतों पर रखें नजर: आरएल कथानिया

**▶▶ स्कूल प्रिंसीपल ने थाना प्रभारी बरमाणा तथा उनके साथ आए स्टाफ सदस्यों का सादर आभार प्रकट किया**

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरनोडा में थाना बरमाणा पुलिस के सहयोग से नशा निवारण विषय पर आयोजित जागरूकता शिविर में थाना प्रभारी रूप लाल कथानिया ने बच्चों को नशे से दूर रहने तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालातों में बुरी संगत से दूर रहने में ही समझदारी है। उन्होंने कहा कि



किशोर अवस्था मन चंचल होता है तथा बच्चे अपना भला बूरा कुछ भी नहीं समझ पातेए इसलिए किसी के भी बहकावे में आना स्वाभाविक है। उन्होने कहा कि नशे के सौदागर चैबीसों घंटे शिकार पर रहते हैं वे मासूम बच्चों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। फिर उनका धंधा निकल पड़ता है। थाना प्रभारी ने बच्चों से कहा कि यदि अजनबी उन्हें कुछ भी खाने पीने की वस्तु देने की कोशिश करें तो तुरंत इंकार करें। यदि कोई पैसे का लालच देकर कुछ वस्तु को आगे किसी के सुपुर्द करने का भी प्रलोभन दें तो न लें। उन्होंने कहा कि पुलिस अपने स्तर पर समाज में से नशे रूपी बुराई को दूर करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। लेकिन यदि जनता में इसमें सहयोग करें तो नशे का समूल नाश हो सकता है। थाना प्रभारी रूप लाल कथानिया ने बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की हरकतों पर भी नजर रखें यदि कुछ संदिग्ध नजर आता है तो तुरंत संज्ञान लें और बच्चे की काउंसलिंग करें। उन्होंने कहा कि नशे करने वाले युवा लंबी आयु नहीं जी पाते हैं तथा वे न सिर्फ स्वयं के लिए बल्कि परिवार और समाज के लिए नासूर बन जाते हैं। कथानिया ने कहा कि उनके पास आए दिन ऐसे कई मामले आते हैं जहां पर युवाओं को जिस समय भविष्य बनाना होता है वे गलत कार्यों में पडकर सलाखों के पीछे पहुंच जाते हैं। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। वहीं राजेंद्र पाल प्रवक्ता अर्थशास्त्र ने भी बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया और इनसे दूर रहने की सलाह दी। स्कूल प्रिंसीपल ने थाना प्रभारी बरमाणा तथा उनके साथ आए स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया।

# भाजपा अकेली पार्टी जिसने देश के साथ कभी कंप्रोमाइज नहीं किया

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का हमीरपुर जिला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकताओं में अद्भुत दृश्य देखने को मिला। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**नड्डा ने की प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत



प्रकाश नड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल के साथ सर्किट हाउस हमीरपुर में भेंट की यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा भी की गई। नड्डा ने सर्किट हाउस में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा हमीरपुर में गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत किया है उसके लिए मैं अपनी और पार्टी और से आपका आभार व्यक्त करता हूं। हम सब लोग जो भारतीय जनता पार्टी में काम कर रहे हैं उनको खुद को बहुत खुशनसीब समझना चाहिए क्योंकि भाजपा अकेली पार्टी जिसने देश के साथ कभी कंप्रोमाइज नहीं किया।

# सभी उपजातियों को उनके संवैधानिक नाम से जाना जाए: डीएस धूलिया



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

घुमारवीं में आयोजित हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग की जिलास्तरीय बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि राजस्व रिकॉर्ड में सभी उपजातियों को उनके संवैधानिक नाम से जाना जाए। वहीं प्रैस को जारी बयान में वरिष्ठ जिला उपप्रधान दलीप सिंह धूलिया, घुमारवीं खंड के प्रधान दिले राम, झंडूता खंड के प्रधान अमरनाथ मोहिल्ला, सदर-1 सूबेदार इंद्र सिंह ने संयुक्त बयान में प्रदेश सरकार से मांग की है कि विभिन्न जातियों और वर्गों में बंटे समाज को जोड? में बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर ने बहुत संघर्ष किया है। सभी उपजातियों को जोडकर उन्होंने एक जाति यानि एक दर्जे का नाम दिया। जिसे वर्तमान में अनुसूचित जाति कहा जाता है। अनुसूचित जाति ही सभी उपजातियों का संवैधानिक नाम है। इसलिए राजस्व रिकॉर्ड से लेकर पंचायती और पुलिस विभाग में दर्ज होने वाले मामलों में किसी की जाति न लिखी जाए वहां पर संवैधानिक नाम का प्रयोग कर अनुसूचित जाति लिखा जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 53 जातियां चिन्हित हो चुकी हैं। जबकि पूरे देश में 1703 जातियां हैए जो अनुसूचित जाति की श्रेणी में आती हैं। अन्य जाति बहुल को मिलाकर यह आंकड़ छह हजार से उपर है। उन्होंने कहा कि देश में 85 प्रतिशत लोग अनुसूचित जातिए जनजाति से आते हैं। लेकिन हिडन एजेंडे के तहत इन सभी उपजातियों को निरंतर तोड? के प्रयास जारी हैं। विभिन्न विभागों के उच्च पदों पर अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को जानबूझ कर अयोग्य कर दिया जाता है ताकि वे शीर्ष पर न जा सके। इस प्रकार के भेदभाव को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। मोर्चा का एक विंग इस प्रकार के मामलों पर नजर रखेगा तथा जहां पर दमनकारी या शोषण की भनक लगती है वहां पर तुरंत प्रभाव से दखल दी जाएगी।

# पिता की उम्मीदों को लगाए मन की आंखों से देखे सपनों के पंख

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जन्मांध बेटी जब अंर्तमन की आंखों से बड़े सपने देखना शुरू करती हैए तो पिता की उम्मीदों को पंख लगना स्वाभाविक ही है। इसी बात को सही साबित किया है मंडी के सदर क्षेत्र की तरनोह पंचायत की प्रतिभा ठाकुर ने। हाल ही में प्रतिभा का चयन राजनीतिक विज्ञान की अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। हालांकि, वह हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विषय पर पीएचडी कर रही है। प्रतिभा का सहायक प्रोफेसर बनना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसने जन्म से दिव्यांग होने के बावजूद छोटे-छोटे सपने देखने शुरू किए और उन्हें पूरा करने की जिद मन में ठान ली। प्रतिभा के पिता पत्रकार खेमचंद शास्त्री बताते हैं कि



प्रतिभा का बचपन में बहुत इलाज करवाया, मगर उसकी आंखों की रौशनी नहीं लौट सकी। मगर उसने स्कूल जाने की जिद की तो पूरा परिवार परेशान हो गया। उसे स्कूल भेंजें तो कैसे। उसे घर में ही पढ़ाने की व्यवस्था की गई और पांचवीं कक्षा की परीक्षा स्थानीय स्कूल नेरन में दिलवाई जिसमें वह अच्छे नंबरों से पास हो गई।

इसके बाद उसे छटठी क्लास में दाखिल करवाया तो फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा। प्रतिभा ने स्व. धनीराम ठाकुर मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरयारा से जमा दो और वल्लभ कालेज मंडी से बीए, एमए, बीएड और एमएड प्रथम श्रेणी में पास की। इसके बाद हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय में 2020 में प्रतिभा का चयन पीएचडी राजनीतिक शास्त्र के लिए हुआ।

खोमचंद शास्त्री ने बताया कि प्रतिभा बचपन से ही शिक्षा के क्षेत्र में या फि र विदेश मंत्रालय में सेवाएं देने की इच्छा थी। उन्होंने बताया कि प्रतिभा कभी अपनी दिव्यांगता को अपनी राह का रोड़ा नहीं मानती थी। बस मेहनत और संघर्ष को ही सफलता का मूल मंत्र मानती रही है जिसकी वजह से वह आज इस मुकाम पर पहुंची है। पढ़ाई के अलावा समाज सेवा और साहित्य लेखन में भी प्रतिभा की रूचि रही है। खासकर कविता और लघु कथांए लिखने शौक भी है। स्कूल से विश्वविद्यालय तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेती रही है और कई दर्जन प्रथम आकर इनाम जीते। वहीं पर समय-समय पर रक्तदान भी करती रही है।

उमंग फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. अजय श्रीवास्तव से प्रभावित होकर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करती रही है। अपनी सफ लता का श्रेय प्रतिभा अपने माता सविता कुमारी जो अध्यापिका है, पिता और गुरूजनों प्रो. अजय श्रीवास्तव, प्रो. महेंद्र यादव, प्रो. चमन लाल क्रांति व उनके स्कूल के गुरुजन को देती है, जिनके सहयोग और मार्ग दर्शन के बल पर वह सफलता के इस मुकाम को हासिल कर सकी है।

# विकास कार्य में किसी भी प्रकार की देरी व कोताही बर्दाश्त नहीं: सांसद प्रतिभा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सांसद प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों से सभी विकास कार्य को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि लोगों को इनका समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सडक, बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। यह निर्देश सांसद प्रतिभा सिंह ने आज उपमण्डल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते दिये।प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे।विकास कार्य में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्यो पिछले कई वर्षों से आधे अधूरे लटके पड़े है उन्हें जल्द पूरा किया जाए। प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों के बैठक मे अनुपस्थित रहने पर कड़ा सज्ञान लेते हुये समस्त अधिकारियों को भविष्य मे होने वाली बैठको में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।उन्होंने कहा कि अधिकारियों यह नही सोचना चाहिए कि इस क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक नही हैं। उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र की चुनी हुई प्रतिनिधि सांसद हैं, इसलिए उनके आदेशों की अवहेलना नही होनी चाहिए। प्रदेश में अब भाजपा की नही कांग्रेस की सरकार है।प्रतिभा सिंह ने बीएमओ बंजार व एसएमएस बागवानी को स्टाफ की स्थिति, एमआरआई व अल्ट्रासाउंड मशीन सहित एम्बुलेंस की प्रस्ताव भेजने को कहा।इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुल्लू को बंजार से शिमला व शिमला से बंजार सीधी बस सेवा बहाल करने को कहा।सांसद ने बंजार के लिए बंद पड़ी मुद्रिका बस आज से ही बहाल करने के निर्देश भी दिए।

प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों को पार्टी के कार्यकताओं की किसी भी प्रकार से कोई उपेक्षा न करने के भी निर्देश दिये।

बैठक में पूर्व मंत्री पंडित खिमी राम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेस राम आजाद, सहित आदि उपस्थित रहे।







जिला शिमला के कोटखाई क्षेत्र के प्रगतिशील किसान प्रेम सिंह ने सोमवार सायं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष के लिए 51 हजार रुपये का चैक भेंट किया। प्रेम सिंह को इस वर्ष 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रेरणा स्त्रोत सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान समाज के वंचित वर्गों की मदद करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### समस्त पहलुओं के अध्ययन के बाद भांग की खेती को कानूनी दायरे में लाने पर बनाएंगे कारगर नीतिः जगत सिंह नेगी

**कहा प्रदेशवासियों की राय और सुझावों को किया जाएगा शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

हिमाचल सरकार वैज्ञानिक तरीके से भांग की खेती को कानूनी दायरे में लाने के लिए सभी पहलुओं के अध्ययन तथा प्रदेशवासियों की राय लेने के बाद बहुत जल्द कारगर नीति बनाएगी। प्रदेश में भांग की वैध और वैज्ञानिक तरीके से खेती के अध्ययन हेतु गठित विशेष समिति के अध्यक्ष एवं राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने यह विचार मंगलवार को स्थानीय बचत भवन में विभिन्न हितधारकों और पंचायतीराज प्रतिनिधियों से चर्चा के लिए आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए व्यक्त किये। बैठक में समिति के सदस्य एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक डॉ. हंस राज, केवल सिंह पठानिया, डॉ. जनक राज, नीरज नैयर, डीएस ठाकुर, पूर्व विधायक ठाकुर सिंह भरमौरी, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता देवेन खन्ना, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एडीएम अमित मैहरा, अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी राजीव डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जिला में डायरिया नियंत्रण को लेकर 15 से 30 जून तक चलेगा अभियानः उपायुक्त

**5 साल तक के 50274 बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोलियां होंगी वितरित**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि 15 से 30 जून तक जिला में डायरिया (दस्त) नियंत्रण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। वे आज अभियान के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि अभियान के तहत 5 साल तक के 50274 बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोलियां वितरित करने के साथ अभिभावकों को जागरूकता सामग्री प्रदान की जाएगी। अभियान के दौरान किए जाने वाले विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से विभाग का आवश्यक सहयोग करने को भी कहा। उपायुक्त ने बताया कि 15 से 30 जून तक चलने वाले प्रथम चरण गहन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के तहत 5 वर्ष तक के 50274 बच्चों को लगभग एक लाख 548 ओआरएस के पैकेट और लगभग 7 लाख 3 हजार 836 जिंक टेबलेट वितरित किए जाएगी और इनका वितरण आशा वर्करों घर द्वार तक पहुंचाना सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी सहयोग का आह्वान किया कि वह लोगों को इस अभियान के प्रति जागरूक करें। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल शर्मा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरत के अनुसार सामग्री जिला के सभी स्वास्थ्य खंडों में वितरित कर दी गई है। इसके साथ साथ पखवाड़े के दौरान सभी स्कूलों में हाथों को सही ढंग से धोने का तरीका और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों में डायरिया के लक्षण पाए जाएंगे उनका स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपचार किया जाएगा और पोषण आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में कार्रवाई का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने किया और उन्होंनें बताया कि 2 से 6 माह के दस्त ग्रसित बच्चों को आधी गोली मां के दूध के साथ और 6 माह से 5 बर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी। उन्होंने इस दौरान किए जाने वाले आवश्यक प्रबंध व्यवस्थाओं की रूपरेखा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल शर्मा, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज सुरेंद्र सिंह डोगरा, विभिन्न खंडो के चिकित्सा अधिकारियों सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊना-संतोषगढ़ को मिले 4-4 मनोनीत पार्षद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना और संतोषगढ़ नगर परिषद में नए पार्षदों को मनोनीत किया गया है। प्रदेश सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। दोनों नगर परिषद में चार-चार नए पार्षद मनोनीत किए गए हैं। ऊना नगर परिषद में मनोनीत किए गए 4 पार्षदों में वार्ड 10 से सलिंद्र पाल, वार्ड 2 से दमनबीत सिंह मक्कड़, वार्ड 5 से सोनिया, वार्ड नंबर 9 से करनैल सिंह को नगर परिषद के नए पार्षद के रूप में मनोनीत किया गया है।

दूसरी तरफ नगर परिषद संतोषगढ़ में भी चार नए पार्षद प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत किए गए हैं। नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड एक से प्रेम चंद चौधरी, वार्ड 3 से मुकेश कुमार सैनी, वार्ड 5 से सत्यप्रकाश और वार्ड 7 से विवेक कुमार कौशल को मनोनीत किया गया है। एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने इन सभी आठ नए पार्षदों के मनोनयन की पुष्टि की है। उधर, सभी नवनियुक्त मनोनित पार्षदों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री व ऊना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा का आभार जताया है।

# कपाहड़ा और कलोल के पांच बच्चों का छात्रवृति के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कपाहड़ा व कलोल के पांच बच्चों का चयन राष्ट्रीय साधन सह मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इनमें तीन विद्यार्थी आर्यन चंदेलए शिवम शर्मा व सौम्या शर्मा कलोल व आदर्श ठाकुर एवं गर्वित शर्मा कपाहड़ स्कूल के हैं। यह सभी नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। इन बच्चों को सरकार की ओर से प्रतिवर्ष 12 हजार राशि बारहवीं कक्षा तक प्रदान की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय हर साल कक्षा 8वीं के योग्य छात्रों को एक लाख एनएमएमएस छात्रवृत्ति प्रदान करता है। एससीईआरटी शिक्षा विभाग राज्य स्तर पर एनएमएमएस परीक्षा ऑफ लाइन मोड में आयोजित करते हैं व पात्र विद्यार्थियों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कपाहड़ा के प्रधानाचार्य राजपाल शर्मा कलोल के प्रधानाचार्य पवन कुमार धीमान प्रवक्ता संजीव, महेंद्र ठाकुर, पौडवाल, आशा शर्मा, करतारी देवी, बबीता शर्मा, सुरिंदर सिंह, नवीन, राजेश, पूजा कुमारी, दीनानाथ शर्मा, दिनेश कुमार, रवि कुमार सहित बच्चों के अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। पाठशाला प्रशासन ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया है।



# डीएवी बरमाना में अलंकरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

डीएवी एसीसी सीसे पब्लिक स्कूल बरमाणा में एसीसी स्पोर्ट्स क्लब में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसीसी क्लब की मुखिया डॉ मीनल वशिष्ठ ने शिरकत की। कार्यक्रम में पीटीए प्रधान ज्योति शर्मा और पूर्व में स्कूल की रही छात्रा प्रभजोत ने अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुतीकरण, स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। मंच पर क्लब प्रमुखों, चारों सदनों में व्यास, चिनाब, रवि और सतलुज के कप्तानों व उपकप्तानों तथा नवगठित कार्यकारिणी समिति को सैस तथा बैजों से अलंकृत किया गया। परिषद के सभी सदस्यों ने अपने कार्य को पूरी तन्मयता से करने तथा विद्यालय को बुलंदियों तक पहुंचाने की शपथ ली। उन्होंने संगीत की लयबद्ध पंक्तियों द्वारा प्रधानाचार्य व अध्यापकों को आश्वासन दिलाया कि वे विद्यालय की उन्नति व गतिविधियों में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य सुनील गांगटा ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद व्यक्त करते हुए छात्रों की इस कदम के लिए पीठ थपथपाते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया।



# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सहायक अभियंता विद्युत उपमण्डल भून्तर ने गत दिवस को जानकारी देते हुए कहा कि 11 केवी दियार फ िड? के जरूरी रख-रखाव व ब्रमऋ षि स्कूल के पास उच्च ताप लाइनों को बदलने 14 जून, 2023 को लॉअर शाडाब्राई, कलहैली, छोटाभुइन, पिपलागे, बशोना, पियाशनी-मासू, भाटग्रां, रूआडु जरल, बाहमीनाला और आसपास के इलाको में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक विद्युत आपूति बाधित रहेगी।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने एक ही दिन में किए 4 पटवार भवनों के लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने पटवार वृत्त रैली, महारल, बिझड़ी और बिहाल में नवनिर्मित पटवार भवनों के उदघाटन किए। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने बताया कि इन सभी भवनों पर कुल लगभग 40 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि पटवार भवनों के निर्माण से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले राजस्व कर्मचारियों को सुविधा होगी, वहीं क्षेत्र के लोगों को भी अपनी राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि पटवार वृत्त कार्यालय किसी भी क्षेत्र के लोगों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यालय होता है। हर व्यक्ति को अक्सर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाने के लिए, अपनी जमीन संबंधी रिकॉर्ड हासिल करने, इसे दुरुस्त करवाने तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए पटवार वृत कार्यालय में आना पड़ता है। यहां राजस्व कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इन कार्यालयों में आम लोगों को अपने राजस्व संबंधी कार्य करवाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विधायक ने राजस्व कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे प्रतिदिन कार्यालयों में राजस्व संबंधी कार्य करवाने के लिए आने वाले सभी लोगों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करें। उक्त चारों अलग-अलग उदघाटन कार्यक्रमों में स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने विधायक का स्वागत किया तथा उनके समक्ष अपनी मांगें एवं समस्याएं भी रखीं। इन उदघाटन कार्यक्रमों में एसडीएम बड़सर रोहित शर्मा, बिझड़ी के तहसीलदार, रैली पंचायत के प्रधान राजेश कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

# सांसद स्वास्थ्य मोबाइल सेवा ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य को जांचा

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

मंगलवार को बस्सी पावर हाउस के परिसर में केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की पहल के तहत प्रयास सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें डा. रूचिका के सहयोग से पावर हाउस के सभी कर्मचारियों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। और इसमें 60 से अधिक कर्मचारियों के चेकअप व टेस्ट हुए ओर पावरहाउस के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने-अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई। पावर हाउस अधिकारी जितेंद्र कुमार ने केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के इस प्रयास को सराहनीय बताया।



# प्रदेश सरकार किसानों-बागवानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत : नेगी

## कहा जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं विभागीय योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों-बागवानों की आय को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। यह बात उन्होंने जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास के पहले दिन थुलेल में फल पौधशाला व कामला में सुगंधित फूलों की खेती कर रहे किसान द्वारा स्थापित की गई डिस्टलेशन यूनिट का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कलस्टर आधारित गतिविधियों को और बढ़ाने व जागरूकता शिविरों का प्रभावी आयोजन करने को कहा ताकि किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकों से कृषि व बागवानी गतिविधियों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कामला में 1 सप्ताह के भीतर जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फल पौधशाला के निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी इकाई डेमोंसट्रेशन यूनिट स्थापित करने के भी निर्देश दिए ताकि बागवानों को उन्नत तकनीकों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने इस क्षेत्र में जलवायु के अनुकूल विभिन्न फल प्रजातियों के पौधे उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए ताकि बागवानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने बंदरों से किसानों को होने वाले नुकसान के लिए सोलर फेंसिंग की योजना के बारे जागरूक करने तथा इसके लिए व्यवस्था उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किसानों को शामिल किया जाए ताकि उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। इस दौरान उन्होंने किसानों से बागवानी क्षेत्र में आ रही समस्याओं को भी सुना तथा उन्होंने विभागीय अधिकारियों को उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उनके साथ सीपीएस सुंदर ठाकुर, शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया,सहित आदि मौजूद रहे।



# देवभूमि हिमाचल में कांग्रेस सरकार आते ही चरमराई कानून व्यवस्था:आकाश नेगी

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने एक ब्यान जारी करते हुए जानकारी दी है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में 25 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या के विरोध में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन किया व पूरे हिमाचल में जिला केंद्रों से उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे गए। देवभूमि हिमाचल के चंबा में हुई निर्मम हत्या के दोषियों पर हो कड़ी से कड़ी कार्यवाही



उन्होंने बताया कि बीते कल चंबा में हुई हत्याकांड के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। यह हत्याकांड मामला चम्बा के सलूणी क्षेत्र के किहार का है इसमें जिस लडके की हत्या की गई है, उसका नाम मनोहर है। मनोहर पिछले कुछ समय से मुस्लिम लडकी के साथ संपर्क में था तथा जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि आपस में अच्छी बातचीत भी होती थी परंतु जब यह जानकारी विशेष समुदाय की लडकी के परिवार वालों को पता चला कि वह मनोहर नाम के लडके के साथ संपर्क में है तो यह बात उनके परिवार वालों को रास नहीं आई, तो उस लडकी के माध्यम से मनोहर को घर बुलाया गया तथा बुलाकर उस लडके को निर्मम तरीके से हत्या की गई।

# कर सुधारों के फलस्वरूप 31 मई तक कर संग्रहण में 13 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धिः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडियार/शिमला**
राज्य सरकार व्यापक कर सुधारों को लागू करने की दिशा में सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य करदाताओं को स्वेच्छा से कर के उचित हिस्से का योगदान करने के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने निरंतर निगरानी, टैक्स रिटर्न की शीघ्र जांच, वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी ऑडिट को समय पर पूरा करने और कर अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया है। सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान 13 लाख ई-वे बिलों के सत्यापन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की जा चुकी है जिसके अंतर्गत



सरकार द्वारा 1.85 लाख ई-वे बिल सत्यापित किए गए और इस वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में उल्लंघनकताओं से जुर्माने के रूप में 92 लाख रुपये वसूल किए हैं। कराधान प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिएए राज्य ने जीएसटी राजस्व वृद्धि और क्षमता वृद्धि परियोजना शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य विभाग की डेटा विश्लेषण क्षमताओं में उल्लेखनीय सुधार करना है। इसके अंतर्गत धोखाधड़ी करने वाले करदाताओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और हाल के महीनों में, कई गैर-मौजूदा पंजीकरणों को उजागर किया गया है। फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान 15 मई, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य झूठे इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी दावों का पता लगाना और उनमें रोक लगाना है।विश्व के विकसित और विकासशील देश आर्थिक विकास के मौलिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यह किसी भी अर्थव्यवस्था की वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने की क्षमता में वृद्धि का प्रतीक है। सरकारों को पर्याप्त राजस्व की आवश्यकता होती है जिसे विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न किया जा सकता है। कराधान सरकारी कार्यों की लागतों के वित्तपोषण का एक विश्वसनीय साधन रहा है।
वित्तीय सृजन के अलावाए कराधान नागरिकों के उपभोग को प्रभावित करने के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य करता है। कर राजस्व सरकार को उनके पारंपरिक कार्यों जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण, कानून और व्यवस्था बनाए रखने, बाहरी खतरों से बचाव तथा व्यापार और व्यवसाय को विनियमित करने की प्रक्रिया को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

# पेबर टाइल मालिकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
जिला कांगड़ा के पेबर टाइल लघुउद्योग मालिकों नें जिला स्तरीय पंचायतों में लगने बाली पेबर टाइल का टेंडर रद्द करने के लिए मुख्यमंत्री हिमाचल सुखबिंदर सिंह सुख्खू को डीसी कांगड़ा के माध्यम से ज्ञापन भेजा। पेबर टाइल लघुउद्योग मालिकों नें जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि अब पेबर टाइल का पंचयात में नही अपितु टेंडर डीआरडीए द्वारा किया जा रहा है तो उनके चेहरे पर चिन्ता की लकीरें छा गई।
लघुउद्योग मालिकों नें बताया कि इस टेंडर प्रकिया के बारे उन्हें कोई पूरी जानकारी नहीं मिली उसके अलाबा बताया जा रहा है कि टेंडर सिर्फ चुनिंदा व्यक्ति को दिया जा रहा है। जिससे अन्य लघुउद्योग बंद हो जाएंगे जिससे हजारों लोगों की रोजी रोटी पर असर पड़ेगा साथ



ही यह भी बताया कि मार्च में पंचयात लेवल पर कुटेशन के माध्यम से उनका टेंडर हो चुका है।यदि टेंडर डीआरडीए द्वारा करना था तो सरकार नें पंचायतों को कुटेशन निकालने की अनुमति क्यों दी वहीं ज्ञापन दाताओं नें पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने मार्क लेंने के लिए लाखों की मोटी फीस भी सरकार को दी है, जबकि टाइल मेन्युफेक्करिंग के लिए लाखों का लोन भी ले रखा है। इसके आलावा लाखों का स्टॉक उनके प्लांट पर पड़ा है जिसकी सप्लाई कहां होगी वहीं दर्जनों लघुउद्योग मालिकों नें पंचायती राज मंत्री व मुख्यमंत्री से मांग करी है कि इस टेंडर को रद्द किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बोर्ड ऑफ गवर्नर गठित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बोर्ड ऑफ गवर्नर गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी गत दिवस को सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष होंगे। इसके अतिरिक्त बोर्ड में छह पदेन सदस्य एवं सात नामित सदस्य नियुक्त किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुल सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। बोर्ड की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार आयोजित होगी, जिसमें अधिसूचित सदस्यों का एक तिहाई कोरम पूरा होना आवश्यक है। बोर्ड के नामित सदस्यों की कार्य अवधि तीन वर्ष निर्धारित की गई है।

### अमेजन ब्यूटी ने लॉन्च किया ग्लोबल ब्यूटी स्टोर अब घर बैठे खरीद सकते हैं इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स

**शिमला:** अमेजन ब्यूटी ने अपने बहुप्रतीक्षित ग्लोबल ब्यूटी स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है। इस नए स्टोर पर 60 से अधिक इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स और 5000 से अधिक प्रोडक्ट का बेहद खास कलेक्शन पेश किया गया है।स्टोर में इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स का एक विशाल संग्रह है जिसमें दुनिया भर के बेस्ट प्रोडक्ट्स को एक जगह पर उपलब्ध कराया गया है।सभी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने.माने फ्रेंच स्किनकेयर ब्रांड से लेकर उभरते अंतरराष्ट्रीय कॉस्मेटिक ब्रांड जैसे पाउला चॉइस,फामेसी,एनोमली,कॉडली,एलश्ऑकिटेन, कॉसआरएक्स, लेनिज,इनिसफ्री, मेकअप रेवोल्यूशन,चोपर्ड,पॉल मिशेल इस स्टोर में उपलब्ध हैं। ग्राहक दुनिया के हर कोने से लाए गए ऑथेंटिक प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं।इन प्रोडक्ट को उनकी बेहतरीन क्वालिटी और एडवांस फॉर्मूलेशन के लिए खासतौर पर चुना गया है।ग्लोबल ब्यूटी स्टोर ब्यूटी से जुड़ी विभिन्न जरुरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए बेमिसाल प्रोडक्ट रेंज पेश करता है। अमेजन इंडिया में ब्यूटी पर्सनल केयर और लक्जरी ब्यूटी की डायरेक्टर जेबा खान ने कहा कि हम अमेजन ब्यूटी पर ग्लोबल ब्यूटी स्टोर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं।यह हमारे ग्राहकों को दुनिया का बेहतरीन ब्यूटी एक्सपीरिएंस प्रदान करने की हमारी कोशिश का एक हिस्सा है।एक ऐसे समय में जहां ग्राहक सबसे बेहतरीन इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स की तलाश करते हैं और यह भी चाहते हैं कि ये प्रोडक्ट आसानी से उनके घर पर डिलीवर हों।ऐसे में भरोसेमंद ग्लोबल ब्रांड्स के लक्जरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करता है।इस लॉन्च के साथ हम अपने ग्राहकों को प्रीमियम और शानदार ब्यूटी प्रोडक्ट्स की एक विशाल रेंज प्रदान करना चाहते हैं।हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक दुनिया के बेहतरीन ब्यूटी ब्रांड्स के खास ब्यूटी और सेल्फ.केयर प्रोडक्ट आसानी से प्राप्त कर सकें।

### पीएनबी मेटलाइफ ने हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू और कश्मीर में बीमा जागरूकता अभियान

**शिमला:** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ ने हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बीमा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। ग्रामीण और अर्ध. शहरी क्षेत्रों में बीमा की जागरूकता और बेहतर समझ पैदा करने के लिए आईआरडीएआई की राज्य बीमा योजना के अनुरूप पीएनबी मेटलाइफ का जागरूकता अभियान अब तक शिमला,मंडी, धर्मशाला,श्रीनगर,जम्मू, और बडगाम में 180 क्षेत्रों में पहुंच चुका है।रोड शो, बीमा रथ शिविर और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के जरिए बीमाकर्ता समुदायों को वित्तीय सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरुक कर रहा है और उन्हें बताने का प्रयास किया जा रहा है कि इस तरह से बीमा से लोगों को आत्मविश्वास से जीवन जीने और उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। पीएनबी मेटलाइफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने इस पहल पर टिप्पणी करते हुए कहा मेरा दृढ़ विश्वास है कि आईआरडीएआई द्वारा शुरू किया गया जागरूकता अभियान वित्तीय साक्षरता में सुधार और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने देश की वित्तीय वृद्धि और विकास में योगदान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएनबी मेटलाइफ भारत में वित्तीय सुरक्षा की खाई को पाटने के लिए एक उद्योग के रूप में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जम्मू और कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के लोगों को अधिक आत्मविश्वासपूर्ण भविष्य बनाने के लिए सशक्त बनाते हैं।

# एचआरटीसी कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में सरकार नाकामः बिक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री तथा जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक विक्रम ठाकुर ने प्रदेश के एचआरटीसी कर्मियों को पिछले 2 हफ्ते से वेतन ना दिए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार हर महीने एचआरटीसी कर्मियों को समय पर वेतन देने में नाकाम रही है। इस महीने ही नहीं बल्कि प्रत्येक माह एचआरटीसी कर्मियों को वेतन देने में लंबा विलंब हो रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व परिवहन मंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी पूर्व भाजपा सरकार ने इन कर्मियों को समय पर वेतन की अदायगी करने में विलंब नहीं किया। समयावधि में अदायगियों के लिये उस दौरान सरकार से 750 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद हासिल की, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार ने पेंशनरों की देनदारियों के लिए 110 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के अंदर 1000 करोड रुपए की इलेक्ट्रिक बसें खरीदने का ढिंढोरा पीट रही है, जो कि आम बस से 4 गुना ज्यादा महंगी हैं। सरकार के पास इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए बजट है, लेकिन कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए वित्तीय स्थिति का हवाला दिया जा रहा है।

# सरकार बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के लिए प्रयासरत : चंद्र कुमार

**एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**
कृषि व पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाए मैरा में ज्वाली शिक्षा खंड के तहत विभिन्न स्कूलों के अंडर-14 ब्वॉयज तथा गर्ल्स की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 13 से 16 जून तक चलने वाली चार दिवसीय इन प्रतियोगिताओं में 29 स्कूलों के 470 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन तथा चेस के मुकाबले आयोजित होंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ बेहतर खेल अधोसंरचना उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा



कि जिन स्कूलों में जब तक पर्याप्त खेल का मैदान नहीं हैं तब तक वहां पर इंडोर खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कृषि मंत्री ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश में नए स्कूल खोलने के बजाय पहले से चल रहे स्कूलों में अध्यापकों, पुस्तकालय, लैब सुविधा एवं अच्छे भवनों व खेल मैदानों जैसी सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां मानसिक तनाव दूर होता है वहीं शारीरिक तथा बौद्धिक विकास भी होता है। इससे खिलाडि?ों को एक दूसरे के साथ मिलने तथा अपने प्रतिभा को दर्शाने का एक बेहतर मौका मिलता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पढ़ाई के साथ.साथ खेलों तथा सामाजिक गतिविधियों को भी अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ? के काफी सुनहरी अवसर उपलब्ध हैं। लेकिन इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जहां स्कूली बच्चों के लिए डाइट मनी को 60 रुपए से बढ़ा कर 120 रुपए किया है वहीं स्पोर्ट्स होस्टलों में रह रहे खिलाडि?ों की डाइट मनी को 120 रुपए से बढ़ा कर 240 रुपए प्रतिदिन किया है।

# दीन सहायक ट्रस्ट करवाएगा निबंध प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
दीन सहायक ट्रस्ट के ट्रस्टी हंसराज मल्होत्रा ने बताया कि बदलती सामाजिक परिस्थितियों में आज का युवा नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है जो कि घर परिवार व समाज के लिए चिंता का विषय बन चुका है। छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुश्प्रभाव व परिणामों से अवगत कराना समय की मांग है। इसी कड़ी में दीन सहायक ट्रस्ट मंडी के द्वारा नगर के 16 विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विजेताओं को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।निबंध का विषय है नशे की रोकथाम में परिवार और समाज की भूमिका।निबंध लिखने का समय स्कूल का एक पीरियड रहेगा तथा तारीख व समय स्कूल के प्रिंसिपल स्वयं




निर्धारित करेंगे।इस प्रतियोगिता में स्कूल के नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं और प्रत्येक स्कूल से अधिकतम 40 बच्चे इस प्रतियोगिता में बैठ सकते हैं।
मल्होत्रा ने कहां की प्रथम बार किसी संस्था द्वारा इतने बड़े स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और स्कूल के प्रिंसिपल इस सप्ताह किसी भी दिन छात्रों को अग्रिम जानकारी देकर एक पीरियड की अवधि में बच्चों से निबंध लिखा कर उनकी छंटनी स्कूल के अध्यापकों से करा कर उत्तम 5 निबंध की प्रविष्टियां 19 जून, 2023 तक ट्रस्ट के कार्यालय को भेजेंगे। जिनको 3 शिक्षाविद आकलन करके प्रथम, द्वितीय, तृतीय व कंसोलेशन पुरस्कारों के लिए चयन करेंगे।

# धर्मपुर में युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत पड़ते धर्मपुर में एक युवक को पीटने का मामला सामने आया है। मारपीट में युवक को चोटें पहुंची है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अभिषेक कुमार निवासी हरोली ने बताया कि सोमवार देर रात अपने काम पर.जा रहा था, तो गांव धर्मपुर में कुछ अज्ञात लोगों ने इसका रास्ता रोककर मारपीट करी। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीन दयाल उपाध्याय क्षेत्रीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
दीन दयाल उपाध्याय क्षेत्रीय अस्पताल शिमला में आज रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने की और इस दौरान विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में रोगी कल्याण समिति के 1 करोड़ 98 लाख रुपए के बजट को अनुमोदन प्रदान किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों से 2021-2022 के लेखापरीक्षित व्यय पर विस्तृत चर्चा की और वित्तीय वर्ष 2023-24 की आमदनी व व्यय पर गहनता से विचार विमर्श किया और इससे सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इसके उपरान्त विधायक हरीश जनारथा ने अस्पताल परिसर में चल रहे मिल्क फेड बूथ, एटीएम, एचपीएमसी बूथ व कैंटीन संबंधित मामलों पर चर्चा की और व्यावसायिक गतिविधियों से आय अर्जित करने पर बल दिया ताकि रोगियों को सुविधा उपलब्ध हो सके।
उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों को आधुनिक उपकरणों द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और निर्धन एवं उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।वरिष्ठ चिकित्सा अधिक्षक डॉ लोकेंद्र शर्मा ने बैठक का संचालन किया और रोगी कल्याण समिति की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# चंबा में युवक की हत्या मामले को लेकर आक्रोशित युवा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
चंबा जिला के चुराह में युवक की निर्मम हत्या और हत्या के बाद शव को टुकड़ों में बांटकर पत्थर के नीचे दबाने की घिनौनी वारदात को लेकर ऊना जिला में भी युवा आक्रोशित है। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई ने मिनी सचिवालय पहुंचकर एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान के



माध्यम से प्रदेश सरकार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शांतिपूर्वक इस मामले पर विरोध जताते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ समय से हिंदू समाज के प्रति घृणा का माहौल पैदा किया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऊना के इकाई अध्यक्ष सक्षम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ समय से हिंदुओं के प्रति घृणा का माहौल पैदा किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त कभी हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां होती है तो कभी हिंदुओं का बेरहमी से कत्ल किया जा रहा है।

# 46वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव 19 से 21 जून तक कुल्लू के लालचन्द प्रार्थी कलाकेंद्र में

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
सूत्रधार कला संगम कुल्लू की साधारण सभा का आयोजन सूत्रधार भवन के सभागार में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 46वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन के बारे में चर्चा की गई। 46वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव 19 से 21 जून तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र में प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक मनाया जायेगा, जिसमें लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, लोकगीत व फिल्म गीत की प्रतियोगिता होगी तथा 19 व 20 जून को देवसदन में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक नाटक प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस 46वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में कुल्लू घाटी के बजौरा से लेकर मनाली तक के 27 निजी व सरकारी पाठशालाएं भाग ले रही है, जिसमें 1000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राएं भाग लेंगें। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू की स्थापना जून 1977 में कुछ उत्साही युवाओं द्वारा कला, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु की गई थी। संस्था का पहला कार्यक्रम 21 जून, 1977 को कलाकेंद्र कुल्लू में रेडक्रॉस सोसाईटी कुल्लू के सहयोग हेतु किया गया। इसी कड़ी में संस्था द्वारा सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव जोकि कुल्लू जनपद की युवा एवं बाल प्रतिभाओं को समर्पित है की, शुरूआत संस्था के रजत जयंती वर्षगांठ उत्सव 2002 से शुरू हुई थी। संस्था द्वारा कुल्लू जनपद की युवा पीढ़ी जो अपनी संस्कृति से विमुख होती जा रही थी तथा दुर्व्यसनों में संलिप्त होती जा रही को अपनी संस्कृति से जोड? व उनकी युवा शक्ति का प्रयोग सृजनात्मक कार्यों में लगाने के उदेश्य से संस्था द्वारा इस तरह के सांस्कृतिक उत्सव आयोजन करने का निर्णय लिया गया तथा अपने उदेश्य के अनुरूप इस घाटी के बाल और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की प्रतियोगिता हर साल आयोजित करती आ रही है।


G20 उत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग
आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-11/2023-24 दिनांक 12.06.2023

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-17/2023-24 (ओपन टेंडर) | सीपीएम/जीएस/यूएसी के तहत अंबाला डिवीजन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पटियाला, धूरी, संगरूर, मलेरकोटला, कालका, सहारनपुर, अंबाला सिटी, नंगलडैम, आनंदपुर साहिब, अंब अंदौरा, अबोहर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएसएन), रोपड़, सरहिंद और यमुनानगर जगाधरी स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन में साइनेज का प्रावधान | Rs. 33363827.92 | Rs. 316800.00 | 06 Months | 03.07.2023 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

1795/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, Karchham Division, HP.PWD, Bhaba Nagar Distt. Kinnaur H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned work from the eligible class of approved contractors/Firms registered with HPPWD Department for the work as detailed in the table:-

| Sr. No | Name of Work | Start date of downloading Bid | End date of Submission of Bid | Estimated Cost | EMD | Cost of Tender | Eligible class of Contractor | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Shongthong Barang Road km. 5/00 to 8/00 (SH:- F/C 5/7 mtr. Wide from Rd. 5/580 to 5/785, C/o R/wall in wire crates at Rd. 5/500 to 5/505, 5/630 to 5/765 and 5/720 to 5/765 and B/wall at Rd. 5/500 to 5/505, C/o R/wall at Rd. 5/505 to 5/600, 5/785 to 5/720 and B/wall at Rd. 5/600 to 5/605) Under Deposit | 13.06.2023 9.00 a.m. | 21.06.2023 5.00 p.m. | 36,92,119/- | 55000/- | Rs.1300/- | 'D' Class | Three Months |
| 2. | C/o Jeepable road from Ramni Bridge to Village Ramni km. 0/00 to 5/525 (SH:- C/o C.C. pavement on various Rd's in between Km. 3/200 to 3/990) Under TARP | 13.06.2023 9.00 a.m. | 21.06.2023 5.00 p.m. | 23,50,205/- | 47200/- | Rs. 800/- | 'D' Class | Two Months |
| 3. | C/o EMRS at Nichar Distt. Kinnaur H.P. (SH:- C/o Playground and B/wall behind play ground of EMRS at Nichar) Under Deposit | 13.06.2023 9.00 a.m. | 21.06.2023 5.00 p.m. | 13,69,270/- | 27400/- | Rs.500/- | 'D' Class | Two Months |

The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website www.hptenders.gov.in. The bids shall be opened on 22.06.2023 at 11:00 HRS in the office of Executive Engineer, Karchham Division HP.PWD, Bhabanagar H.P. by the authorised officer.

RO No. 1128/2023-2024

-----Sd-----
Executive Engineer,
Karchham Division,
HP.PWD, Bhabanagar.
(Phone No.01786-292897)
on behalf of Governor of Himachal Pradesh



# आलिया भट्ट

## के जल्दी मां बनने पर Shahid Kapoor ने दिया ये रिएक्शन तो भड़क गए फैंस, मीरा राजपूत की उम्र दिलाई याद



शाहिद कपूर इन दिनों ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. इसी बीच अब उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ रहा है. हाल ही में शाहिद कपूर ने आलिया भट्ट के मां बनने को लेकर ये बयान दिया था कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि आलिया भट्ट एक मां हैं. जिसके बाद से ही शाहिद ट्रोलर्स के निशाने पर हैं. शाहिद को रेडिट यूजर्स न सिर्फ आलिया के लिए ऐसा बोलने पर फटकार लगा रहे हैं बल्कि मीरा राजपूत के मां बनने के दौरान की उम्र भी याद दिला रहे हैं.

**शाहिद कपूर ने आलिया के लिए कही ये बात**

हाल ही में एक इंटरव्यू में शाहिद से जब पूछा गया कि जब वो आलिया से मिलेंगे तो क्या करेंगे. जिसपर एक्टर ने कहा, वो हाल ही में आलिया से मिले थे और उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वो एक मां हैं. उन्होंने आलिया के साथ काम करने के समय को याद करते हुए कहा कि जब उन्होंने आलिया के साथ काम किया, तब वो 21 साल की थीं. शाहिद ने कहा, जब आप किसी के साथ बहुत समय बिताते हैं और फिर आप बहुत समय तक आप उनसे नहीं मिलते, तब आपको लगता है कि वो वही हैं, आपको नहीं लगता कि उनके साथ इतना कुछ हुआ है.

**सोशल मीडिया के निशाने पर शाहिद**

आलिया भट्ट के लिए ऐसा कहने पर शाहिद कपूर ट्रोलिंग का शिकार हो गए, हालांकि कुछ फैंस उनके बचाव में भी उतरे. कुछ फैंस ने उन्हें ये कहते हुए ट्रोल किया कि उनकी पत्नी मीरा राजपूत 21 साल की उम्र में मां बन गई थीं. एक यूजर ने कमेंट किया, जब दोनों ने शादी की, तब मीरा 20 साल की थीं और शाहिद 34 साल के. आलिया मीरा से केवल एक साल बड़ी हैं. वहीं दूसरे यूजर ने कमेंट किया, क्या उनकी पत्नी वास्तव में 21 साल की नहीं थीं, जब उनका बच्चा हुआ था?

## Ankita Lokhande ने पति विक्की संग अपने ड्रीम होम की पहली एनिवर्सरी की सेलिब्रेट, एक्ट्रेस ने खास मौके पर घर में रखी थी पूजा

अंकिता लोखंडे और विक्की जैन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. कई साल एक दूसरे को डेट करने के बाद अंकिता और विक्की ने 24 दिसंबर 2021 को ग्रैंड वेडिंग की थी. कपल की शादी में इंडस्ट्री के कई सेलेब्स और फ्रेंड्स ने शिरकत की थी. वहीं सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली अंकिता अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं और फैंस से अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी हर अपडेट भी शेयर करती हैं.इन सबके बीच अंकिता और उनके पति विक्की ने अपने ड्रीम होम में शिफ्ट होने के एक साल पूरा होने का जश्न मनाया. इस दौरान कपल ने घर पर पूजा रखी थी जिसकी तस्वीरें अंकिता ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं.

**अंकिता-विक्की ने अपने नए घर के एक साल का मनाया जश्न**

अंकिता और विक्की ने बीते दिन अपने ड्रीम हाउस में शिफ्ट होने का एक साल पूरा होने पर जश्न मनाया. लवी-डोवी कपल पिछले साल 10 जून को अपने नए घर में शिफ्ट हुआ था. अपने नए घर में एक साल पूरा होने की खुशी में अंकिता और विक्की ने एक छोटी सी पूजा भी रखी थी. इसकी तस्वीरें एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. पूजा के लिए अंकिता ने कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज के साथ खूबसूरत बनारसी साड़ी पहनी थी. उन्होंने स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ अपने आउटफिट को एक्सेसराइज किया. अंकिता ने अपे बाल जूड़े में बांधे हुए थे. वहीं विक्की ने ग्रीन कलर का कुर्ता सेट पहना था.

**अंकिता ने घर की पहली एनिवर्सरी पर लिखा इमोशनल नोट**



पवित्र रिश्ता एक्ट्रेस ने अपने हैप्पी प्लेस पर एक साल पूरा होने पर ग्रेटिट्यूड और एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए एक लंबा नोट शेयर किया. अंकिता ने लिखा, हमारे हैप्पी प्लेस का एक साल मुबारक हो ... टाइम रियली फ्लाइस राइट !! मुझे अभी भी याद है जब आपने हमारे लिए यह घर खरीदा था तो आप कितने एक्साइटेड और खुश थे क्योंकि यह मुंबई में आपका पहला घर था.अभिनेत्री ने आगे कहा, और आखिरकार जिस दिन हम शिफ्ट हुए, आह !! कितना खूबसूरत और यादगार दिन था..

**घर के एक साल को अंकिता ने बताया रोलरकोस्टर**

अंकिता ने लिखा, 'वो 10-06-22 था और कल हमने अपने हैप्पी प्लेस का एक साल पूरा किया...एक पूरा साल!!! अंकिता ने इस एक साल को एक रोलरकोस्टर के रूप में डिस्क्राइब करते हुए कहा, यह बहुत सारी भावनात्मक और बहुत सारी खूबसूरत फीलिंग्स और ढेर सारे प्यार और यादों के साथ एक रोलर कोस्टर रहा है.. जब मैं अपने घर को देखती हूं तो मैं केवल ब्लेस महसूस करती हूं और बहुत ग्रेटिट्यूड महसूस करती हूं..इसलिए थैंक्यू बेबी मुझे हमारा घर देने के लिए जिसे हम अपना हैप्पी प्लेस कहते हैं... हैप्पी फर्स्ट एनिवर्सरी डियर होम.

**अंकिता ने अपने गुरु नमोस्तु आचार्य के प्रति अभार जताया**

इसी बीच अंकिता ने अपने गुरु नमोस्तु आचार्य श्री के साथ एक तस्वीर शेयर की. उन्होंने उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कैप्शन में लिखा, नमोस्तु आचार्य श्री ... हमारे घर आने के लिए धन्यवाद और इसे स्वर्ग में बदल दिया. हमारे घर पर एक रात बिताना एक सच्चा आशीर्वाद था..

सिर्फ सुनने से इतना कुछ सीखा. हम वास्तव में हमारी लाइफ के स्पेशल डे पर इससे ज्यादा नहीं मांग सकते हैं. आपने हम सभी को जो आशीर्वाद दिया और हमारे स्थान को वास्तव में खुशहाल बनाया, उसके लिए धन्यवाद ... लास्ट बट नॉट द लीस्ट हमारे सभी के लिए नहीं परिवार के सदस्यों और हमारे दोस्तों को इतना प्यार और हमारी जिंदगी में ढेर सारी दुआएं देने के लिए.. ढेर सारा प्यार विक्की और अंकिता.

## जब कामयाबी और पैसा देखकर बहक गए थे गोविंदा, करियर के पीक पर करना चाहते थे ऐसा काम, लेकिन...



90 के दशक में गोविंदा लोगों के दिलों में राज किया करते थे. उनकी लगभग हर फिल्म हिट होती थी. डांसिंग स्टाइल से लेकर उनकी एक्टिंग के लोग कायल हुआ करते थे. उस दौर में गोविंदा ने शोहरत के साथ जमकर दौलत कमाई. एक बार ऐसा हुआ कि बेशुमार पैसा देखकर गोविंदा का सिर चकरा गया. इसके बाद उन्होंने कभी ट्रक तो कभी ऑटो खरीदने का प्लान बना लिया था. हालांकि, ऐसा हो नहीं पाया.

**गोविंदा के भाई ने किया खुलासा**

गोविंदा के इस प्लान को लेकर ये खुलासा उनके भाई कीर्ति ने किया था. विनय पाठक के चैट शो में गोविंदा के भाई कीर्ति ने बताया कि जब गोविंदा एक्टर बने, तो मैं उनके लिए सेक्रेटरी का काम करने लगा. हमने बचपन में बहुत गरीबी देखी थी और हम बस इससे बाहर निकलना चाहते थे. कीर्ति ने बताया कि गोविंदा बार-बार उनके पास अजीबोगरीब आइडिया लेकर आते थे और हर बार वह मना कर देते थे.

**100 ट्रक खरीदने का बनाया प्लान**

चैट शो में कीर्ति ने बताया कि एक दिन गोविंदा आए और कमरा बंद करके मुझे पैसे दिखाने लगे और बैंक डिटेल्स भी दिखाई. अब सोच में पड़ गए कि आखिर इन पैसों का क्या किया जाए. उनका सबसे पहला आइडिया था कि 100 ऑटो रिक्शा खरीद लेते हैं. मैंने उन्हें समझाया कि भाई ये हमसे नहीं हो पाएगा. ये अपना काम नहीं है.

**भाई ने गोविंदा को दी समझाइश**

कीर्ति ने आगे बताया कि एक दिन फिर गोविंदा पहुंचे और कहा कि हम लोग 100 ट्रक खरीद लेते हैं. मैंने फिर मना किया कि ये अपना काम नहीं है. इस तरह गोविंदा के हर आइडिया को उनके भाई कीर्ति मना करते गए. मालूम हो कि गोविंदा ने साल 1986 में अपने करियर की शुरुआत की थी. वह शुरुआती दिनों में एक साल में 10-10 फिल्मों में काम करने लगे थे. गोविंदा के नाम कई सुपरहिट फिल्में हैं. वह डायरेक्टर डेविड धवन के साथ 17 फिल्में कर चुके हैं.

## मोटी-मोटी ... ब्लू लहंगा पहन मधु मंटेना की शादी में पहुंचीं हुमा कुरैशी, हुई फैट शेम, लोगों ने किए भद्दे कमेंट



बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने प्रोड्यूसर मधु मंटेना (Madhu Mantena) ने योगा टीचर इरा त्रिवेदी से हाल ही में शादी की और फिर अपने फिल्मी इंडस्ट्री के खास दोस्तों के लिए वेडिंग रिसेप्शन रखा, जिसमें सितारों का मेला देखने को मिला. ऋतिक रोशन, सबा आजाद से लेकर सारा अली खान, फरदीन खान, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी सहित और भी कई सितारों ने शिरकत की, बी-टाउन की तिकड़ी हुमा कुरैशी (Huma Qureshi), सोनाक्षी सिन्हा (Sonakshi Sinha) और उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल भी मधु मंटेना के वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुए. इस दौरान जहां सोनाक्षी रेड ड्रेस में पहुंचीं तो वहीं जहीर इकबाल ने ऑल ब्लैक लुक लिया था.

इस दौरान हुमा कुरैशी के लुक की भी खूब चर्चा रही. अभिनेत्री ने मधु मंटेना और इरा त्रिवेदी के वेडिंग रिसेप्शन के लिए ब्लू प्रिंटेड लहंगा पहना था. बालों को खुला रखते हुए हुमा ने बेहद प्यारा लुक लिया था.

लेकिन, हुमा एक बार फिर अपने बढ़े वजन के चलते ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं. यूजर अभिनेत्री को उनके वजन के चलते फैट शेम कर रहे हैं और उनके बढ़े वजन का मजाक भी बना रहे हैं.

दरअसल, वीडियो में हुमा को बार-बार दुपट्टे से अपनी कमर कवर करते देखा जा सकता है. हुमा ने पिछले दिनों रिलीज हुई अपनी फिल्म डबल एक्सएल के लिए वजन बढ़ाया था. क्योंकि, इसमें उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा के साथ एक मोटी लड़की का रोल प्ले किया था.

लेकिन, अब फिल्म रिलीज होने के बाद भी हुमा ज्यादा वजन कम नहीं कर पाई हैं. ऐसे में यूजर उन्हें लगातार फैट शेम कर रहे हैं.

कुछ ने मोटी कहते हुए हुमा को निशाने पर लिया तो कुछ ने अभिनेत्री के लिए 'भैंस' जैसे शब्द का इस्तेमाल किया. हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब हुमा और सोनाक्षी को उनके वजन के लिए निशाने पर लिया गया हो. पहले भी कई बार इन्हें फैट शेम किया जा चुका है.

वीडियो पर कमेंट करते हुए कई यूजर सोनाक्षी और जहीर इकबाल के रिश्ते को लेकर भी सवाल कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या दोनों डेट कर रहे हैं.

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 99 अंक उछला

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 99.08 अंक यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 62,724.71 के स्तर पर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 38.10 अंक यानी 0.21 फीसदी की तेजी के साथ 18,601.50 के स्तर पर बंद हुआ है।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 शेयरों में गिरावट रही है। सेंसेक्स के शेयरों में शामिल इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, नेस्ले, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस फायदे में रहे। वहीं, पावर ग्रिड, एलएंडटी, मारुति, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, एचडीएफसी और आईटीसी के शेयरों में गिरावट रही। इसके अलावा अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए हैं, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट रही। उल्लेखनीय है किपिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 223.01 अंक यानी 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 62,625.63 पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 71.15 अंक यानी 0.38 फीसदी लुढ़कर 18,563.40 के स्तर पर बंद हुआ था।

## केंद्र ने राज्यों को 1,18,280 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण किस्त जारी की

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राज्यों को 59,140 करोड़ रुपये के सामान्य मासिक हस्तांतरण की तुलना में कर हस्तांतरण की तीसरी किस्त के तौर पर 1,18,280 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को जून में देय नियमित किस्त 59,140 करोड़ रुपये के अलावा एक और अग्रिम किस्त के तौर पर कुल 1,18,280 करोड़ रुपये जारी किए हैं। राज्यों को यह राशि उनके पूंजीगत व्यय में तेजी लाने, विकास एवं कल्याण से संबंधित व्यय का वित्त पोषण तथा प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को लेकर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए जारी किया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से राज्य सरकारों को जारी कुल राशि (करोड़ रुपये में) इस प्रकार है। आंध्र प्रदेश 4787, अरुणाचल प्रदेश 2078, असम 3700, बिहार 11897, छत्तीसगढ़ 4030, गोवा 457, गुजरात 4114, हरियाणा 1293, हिमाचल प्रदेश 982, झारखंड 3912, कर्नाटक 4314, केरल 2277, मध्य प्रदेश 9285, महाराष्ट्र 7472, मणिपुर 847, मेघालय 907, मिजोरम 591, नगालैंड 673, ओडिशा 5356, पंजाब 2137, राजस्थान 7128, सिक्किम 459, तमिलनाडु 4825, तेलंगाना 2486, त्रिपुरा, 837, उत्तर प्रदेश 21218, उत्तराखंड 1322, पश्चिम बंगाल 8898 है, जिसका कुल योग 1,18,280 करोड़ रुपये है।




## पहली बार किसी कंपनी के शेयरों के भाव एक लाख रुपये के पार पहुंचे

नई दिल्ली। टायर निर्माता एमआरएफ ने दलाल स्ट्रीट पर एक नया मील का पत्थर बनाया क्योंकि यह 1 लाख रुपये का आंकड़ा पार करने वाला पहला शेयर बन गया। बीएसई पर एमआरएफ का शेयर 1.37त्न चढ़कर 52 हफ्तों के नए हाई लेवल 100,300 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। इससे पहले मई में एमआरएफ के शेयर महज 66.50 रुपये कम रहने के कारण एक लाख का आंकड़ा नहीं छू पाये थे। हालांकि आठ मई को वायदा बाजार में मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण इस स्तर को एमआरएफ के शेयर पार कर गए थे। भारत में एमआरएफ उच्चतम मूल्य टैग वाले शेयरों की सूची में सबसे ऊपर है। हनीवेल ऑटोमेशन, जिसके शेयर आज 41,152 रुपये के भाव पर बेचे जा रहे थे, वह सूची में दूसरे स्थान पर है, इसके बाद पेज इंडस्ट्रीज, श्री सीमेंट, 3 एम इंडिया, एबोट इंडिया, नेस्ले और बॉश हैं। हालांकि, एक लाख रुपये प्रति शेयर का भाव होने के बावजूद एमआरएफ भारत का सबसे महंगा स्टॉक नहीं है, क्योंकि महंगे स्टॉक की गणना निवेशक मूल्य से आय (पीई) या प्राइस टू बुक वैल्यू जैसे मैट्रिक्स पर की जाती है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 73 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 68 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल



94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.39 फीसदी की बढ़त के साथ 72.12 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.14 डॉलर यानी 0.21 फीसदी उछलकर 67.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## सरकार ने गेहूं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए लागू किया स्टॉक लिमिट

नई दिल्ली। सरकार ने गेहूं की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से गेहूं पर भंडारण सीमा (स्टॉक लिमिट) लागू कर दी है। सरकार ने 15 वर्ष में पहली बार गेहूं पर स्टॉक लिमिट लागू किया है, जो मार्च, 2024 तक लागू रहेगा।

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि गेहूं की कीमतों में आई तेजी के कारण तत्काल प्रभाव से स्टॉक सीमा लागू की गई है। यह स्टॉक लिमिट व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी खुदरा श्रृंखला विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर 31 मार्च, 2024 तक के लिए लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत पहले



चरण में केंद्रीय पूल से थोक उपभोक्ताओं और व्यापारियों को 15 लाख टन गेहूं बेचने का भी फैसला किया है। चोपड़ा ने कहा कि मंडी स्तर पर गेहूं की कीमतों में करीब 8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, थोक और खुदरा कीमतों में इतना इजाफा नहीं हुआ है। खाद्य सचिव ने गेहूं पर आयात शुल्क कम करने के बारे में कहा कि नीति में बदलाव की अभी कोई योजना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गेहूं के अलावा सरकार ने ओएमएसएस के तहत चावल को बाजार में उतारने का फैसला किया है। इसकी मात्रा के बारे में बाद में अंतिम रूप से तय किया जाएगा। चोपड़ा ने यह भी कहा कि चीनी के और निर्यात की अनुमति देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## लीफओबेरी की उत्पादों की नई सीरीज लांच

मुंबई। लीफओबेरी की संस्थापक और उद्यमी गजल कोठारी ने मुंबई में उत्पादों की एक अविश्वसनीय नई सीरीज लांच की है। इस मौके पर मुनीरा कुदरती और उत्कर्ष गुप्ता भी मौजूद थे।

कामकाजी और गृहणी की सभी स्किन जरूरतों को पूरा करते हुए गजल ने 7 नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं। इनमें सनलेस बनीज सीरम, टाइमलेस स्किनकेयर सीरम, द आई केयर सीरम, साइट्रस ब्लास्ट सीरम, एक्नो फेस क्लींजर, लुशियस फेस क्लींजर और बटर -मी-अप बॉडी बटर शामिल हैं। यह प्रोडक्ट त्वचा की सभी जरूरतों के लिए एक लीफओबेरी बास्केट है। गजल कोठारी ने कहा, हम सख्त शासन का पालन करते हैं, हमारे उत्पाद सही विचार, अनुसंधान, सूत्रीकरण और परीक्षण जैसे कठोर जांच बिंदुओं से गुजरते हैं। स्किन-केयर पूरी तरह से भरोसे पर आधारित व्यवसाय है, जो सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कारक है। हमारे ग्राहक हमारी प्राथमिकता हैं, और हम प्रत्येक उत्पाद को कई चेक-पॉइंट के माध्यम पर परखते हैं। हम गुणवत्ता, स्थिरता और नैतिक अभ्यास का पालन करते हैं, जो हमारी मुख्य ताकत हैं। हम सुरक्षा और प्रभावकारिता में विश्वास करते हैं, जो लीफओबेरी के लिए सर्वोपरि है। हमारे स्किनकेयर उत्पादों में सूखापन, मुंहासा, उम्र बढ़ने और संवेदनशीलता जैसी विभिन्न प्रकार की जरूरत को पूरा करती हैं। हमारे उत्पाद डर्मा सुरक्षित और एफडीए एप्रूव्ड हैं, जो प्राकृतिक और पूरी तरह से सुरक्षित हैं। राजस्थान के औद्योगिक हब



भीलवाड़ा से आने वाली गजल ने अपनी गर्भावस्था के दौरान अपने नवजात शिशु को सुरक्षित रखने की सोच के साथ अपनी कंपनी शुरू की। अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए गजल ने कहा, जब मैं गर्भवती थी, उस समय मुझे लीफओबेरी का आइडिया आया कि क्या जो प्रोडक्ट्स मैं यूज कर रही हूं, वो मेरे और मेरे बच्चे के लिए सेफ है, बस इसी सोच के साथ मैंने अपना ब्रांड बनाया, जो स्किन की सभी जरूरतों को कवर करता है। मुझे हमेशा से प्राकृतिक त्वचा देखभाल में दिलचस्पी रही है लेकिन मातृत्व ने मुझे अपनी और अपने बच्चे की देखभाल करने की जिम्मेदारी का एक नया एहसास दिया। हमारी उत्पाद लाइन बाजार में विभिन्न प्रतिस्पर्धियों से अलग है, क्योंकि हम निर्माण के दौरान अवयवों के न्यूनतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो त्वचा पर सबसे अच्छा काम करता है। लीफओबेरी की उत्पत्ति त्वचा की उपस्थिति और स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्राकृतिक अवयवों का उपयोग करने के लिए हुई थी।

नए और ट्रेंडी प्रोडक्ट्स और अपने ग्राहकों की कभी न खत्म होने वाली मांगों को पूरा करने के बारे में बात करते हुए गजल ने कहा, गुणवत्ता वाले उत्पादों को बनाए रखने के अलावा हमारी टीम हमेशा नई मांगों और रुझानों के लिए नए प्रोडक्ट रेंज पर शोध और विकास करती रहती है। नए ट्रेंड से निपटने के लिए अधिकांश उद्योग विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और शोधकर्ता हमारे साथ सहयोग कर रहे हैं। मौजूदा बाजार आकार और ग्राहकों की लगातार बढ़ती मांग के साथ, नवाचार और सुरक्षा, त्वचा-उद्योग की सबसे चुनौतीपूर्ण चीज हैं। हम प्राकृतिक और टिकाऊ उत्पादों में विश्वास करते हैं। हम हानिकारक रसायनों में विश्वास नहीं करते हैं, हमारी सोच सरल है, मात्रा के बजाय गुणवत्ता है। हम अपनी मूल ताकत में इतने अभ्यस्त हैं कि हम पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग, टिकाऊ स्रोतों से सामग्री का उपयोग करते हैं। मुनिरा कुदरती के साथ अभिनेता, गायक और इन्फ्लुएंसर उत्कर्ष गुप्ता ने भी गजल और उनकी प्रोडक्टस रेंज की प्रशंसा की, और सभी के लिए उसकी संस्तुति भी की।

## देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा

नई दिल्ली। देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) इस साल अप्रैल महीने में 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। एक साल पहले अप्रैल 2022 की समान अवधि में आईआईपी 6.7 फीसदी बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया कि अप्रैल में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.2 फीसदी की दर से बढ़ा है। पिछले महीने मार्च में आईआईपी 1.1 फीसदी की दर से बढ़ा था। हालांकि, मार्च का आंकड़ा संसोधित होकर अब 1.7 फीसदी हो गया है। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.9 फीसदी रहा है। खनन क्षेत्र का उत्पादन 5.1 फीसदी बढ़ा है। हालांकि, इस दौरान बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। गौरतलब है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से औद्योगिक क्षेत्र में किसी खास अवधि के दौरान उत्पादन की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है।



## खुदरा महंगाई दर मई में घटकर दो साल के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर

नई दिल्ली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर में फिर गिरावट आई है। मई में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई है, जो अप्रैल में 4.7 फीसदी पर रही थी। पिछले साल मई 2022 में खुदरा महंगाई दर 7.04 फीसदी रही थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक मई में सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.25 फीसदी रही है। ये लगातार चौथा महीना है, जब खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर मई में घटकर 2.9 फीसदी रही, जो



अप्रैल में 3.84 फीसदी रही थी। खाद्य उत्पादों की सीपीआई इंडेक्स में हिस्सेदारी करीब आधी होती है। इसके साथ ही ईंधन एवं ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई भी घटकर 4.64 फीसदी पर आ गई है, जबकि अप्रैल में यह 5.52 फीसदी रही थी। इस दौरान ग्रामीण महंगाई भी 4.68 फीसदी से घटकर 4.17 फीसदी हो गई है। शहरी क्षेत्रों में महंगाई दर मई महीने में घटकर 4.27 फीसदी हो गई, जो अप्रैल महीने के 4.85 फीसदी रही थी। गौरतलब है कि यह लगातार तीसरा महीना है, जब खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर पर है।

## सुभाष चंद्रा व पुनीत गोयनका को छोड़ना होगा निदेशक पद, सेबी की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा और जी इंटरटेनमेंट इंटरप्राइजेज लि. (जेडईईएल) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पुनीत गोयनका पर किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय पद (केएमपी) पर रहने पर रोक लगा दी है। जेडईईएल के फंड को दूसरी कंपनियों में लगाए जाने के मामले में दोषी पाए जाने पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दोनों पर यह कार्रवाई की है। सेबी ने अंतरिम आदेश में कहा, नियमों के कथित उल्लंघन के समय जेडईईएल के चेयरमैन चंद्रा और निदेशक गोयनका ने अहम प्रबंधकीय पद पर रहते हुए अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया। निजी लाभ के लिए जेडईईएल के फंड को महज दो दिन में ही 13 कंपनियों में लगाया गया था।

## रुपये और दिरहम में व्यापार के लिए यूएई से बातचीत तेजी के साथ आगे बढ़ी : गोयल

**- यूएई ने द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर पर ले जाने का इरादा जताया**

नई दिल्ली। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के केंद्रीय बैंकों के बीच रुपये और दिरहम में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही यूएई ने अपने गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर पर ले जाने का इरादा जताया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां यूएई के साथ संयुक्त समिति की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद




अल जायौदी के साथ संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले साल एक मई को लागू हुए समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की संयुक्त समिति की पहली बैठक में गैर-तेल व्यापार को बढ़ाने के लक्ष्य पर सहमति जताई है।

गोयल ने कहा कि दोनों देशों के कारोबार क्षेत्रों को अपना व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीईपीए समझौते को अच्छी तरह क्रियान्वित करने से इसमें मदद मिलेगी। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि सीईपीए संबंधी संयुक्त समिति की बैठक में व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने के लिए कई समितियों एवं उप-समितियों के गठन पर भी सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वस्तु निर्यात, सीमा-शुल्क सुविधा, मूल-स्थान के नियम और तकनीकी बाधाओं से संबंधित मुद्दों पर ये समितियां बनाई जाएंगी।

## विदेशी आईटी कंपनियों में नौकरी की कटौती से प्रभावित होगी घरेलू जीडीपी, इंजीनियरिंग छात्रों के सामने संकट

नई दिल्ली। भारत से आउटसोर्स करने वाली विदेशी आईटी कंपनियों में नौकरियों में कटौती और मौजूदा कर्मचारियों के साथ परियोजनाएं पूरी करने की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। विदेशी कंपनियों के इस कदम से इंजीनियरिंग छात्रों के सामने नौकरी का संकट खड़ा हो सकता है, जो सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को दशकों से पसंदीदा क्षेत्र के रूप में देख रहे हैं।

मांग में वैश्विक अनिश्चितता से बढ़ा मंदी का खतरा एक ऐसे उद्योग के लिए संकट बन गया है, जिसने 1990 के दशक के बाद से भारत के सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक भर्तियां की है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रोहित आजाद का कहना है कि आईटी क्षेत्र में कमजोर भर्तियों के दो अलग-अलग कारण हो सकते हैं। पहला...निकट अवधि में



नकारात्मक मांग और दूसरा... श्रम-बचत प्रौद्योगिकियों के कारण?लंबी अवधि में छंटनी।

टीमलीज ने 40 फीसदी की कमी की जताई?है आशंका।

20-25 फीसदी घट सकती है क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या पहली छमाही के दौरान।

**मंदी और अमेरिकी बैंकिंग संकट ने बढ़ाई चिंता**

स्टाफिंग फर्म एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने बताया कि महामारी के बाद के दौर में कंपनियों ने बाजार में नई मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादन में बढ़ोतरी की। इससे आईटी कंपनियों की भर्तियों में तेजी देखी गई। हालांकि, यह उछाल जल्द ही वैश्विक आर्थिक संकट और बढ़ती मंदी के सामने फीका पड़ गया। अमेरिका के तीन बैंकों के दिवालिया होने और क्रेडिट सुइस संकट ने वैश्विक वित्तीय उद्योग को हिला कर रख दिया।

**लागत घटाने का असर**

आईटी क्षेत्र आमतौर पर देश में हर साल ग्रेजुएट होने वाले 15 लाख इंजीनियरों में से 20-25 फीसदी को नौकरी देता है। लेकिन, इस क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य ने छात्रों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। पंजाब से इंजीनियरिंग कर रहे छात्र गौतम ने बताया कि लागत घटाने के कारण कुछ कंपनियों ने कई छात्रों की इंटर्नशिप रद्द कर दी है।

एक कर्मचारी संघ ने एलटीआईमाइंडट्री और विप्रो पर आरोप लगाया है कि लागत घटाने के लिए ये कंपनियां शुरुआती वेतन में कटौती कर रही हैं।

**इसलिए, जीडीपी के लिए महत्वपूर्ण है आईटी क्षेत्र**

विप्रो के चेयरमैन रिशद प्रेमजी के मुताबिक, घरेलू जीडीपी में आईटी क्षेत्र का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसदी पहुंच गया है। करीब 30 साल पहले यह एक फीसदी से भी कम था।

नैसकॉम के मुताबिक, भारतीय टेक क्षेत्र में 54 लाख से अधिक लोग काम करते हैं। इसमें आईटी क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।?

2022-23 के दौरान टेक क्षेत्र ने करीब 2.90 लाख नौकरियां दी हैं।

माना जाता है कि आईटी क्षेत्र के कर्मचारी कारों, मकान, यात्रा और मनोरंजन पर काफी खर्च करते हैं। लेकिन, छंटनी के डर से मार्च तिमाही में इनके निजी खपत में 0.5 फीसदी की गिरावट आ सकती है।

**आईटी क्षेत्र से बाहर नौकरी खोजने में मुश्किल**

भारतीय इंजीनियरों को आईटी क्षेत्र से बाहर नौकरी खोजने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि फंडिंग की कमी से स्टार्टअप भी छंटनी कर रहे हैं। आईटी उद्योग के कुछ दिग्गजों ने कहा, भारतीय छात्रों को अन्य क्षेत्रों में नौकरी की तलाश करनी चाहिए।

## एशिया और मध्य-पूर्व देशों में हवाई किराया बढ़ाने में भारत सबसे आगे, 41 फीसदी बढ़ा मार्च तिमाही में

नई दिल्ली। कोरोना काल के बाद हवाई किराया बढ़ाने के मामले में भारत एशिया और मध्य पूर्व देशों में शीर्ष पर रहा है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक के अध्ययन में पता चला है कि भारत में हवाई किराया 41 फीसदी बढ़ा है। संयुक्त अरब अमीरात में 34 फीसदी, सिंगापुर में 30 फीसदी व ऑस्ट्रेलिया में 23 फीसदी किराया बढ़ा है। अध्ययन में पाया गया कि 2023 की पहली तिमाही में भारत, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और जापान सहित कई बाजारों में घरेलू हवाई किराये में वृद्धि जारी रही है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर किराये में मामूली कमी आई है। एसीआई एशिया-पैसिफिक का तर्क है कि एयरलाइंस कम प्रतिस्पर्धा और महामारी के दौरान हुए मुनाफे को बढ़ाने और नुकसान की भरपाई के लिए दबी हुई मांग को भुना रही हैं। अध्ययन के मुताबिक, हवाईअड्डे भारी परिचालन और पूंजीगत खर्च के बावजूद यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। भारतीय विमानन नियामक डीजीसीए ने भारतीय विमानों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान शुरू करने के नियमों को आसान बनाया है। नियामक ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पहले के 33 पाइंट के चेकलिस्ट को घटाकर अब केवल 10 पॉइंट का चेकलिस्ट कर दिया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल पर पलटवार किया। वेणुगोपाल ने बढ़ते हवाई किराए को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की थी।

